भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *11

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) - 530बी पर अंडरपास

*11. श्री देवेश शाक्य:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) - 530बी पर कासगंज जिले में नगला सेधू क्षेत्र बहुत अधिक यातायात, स्थानीय आवाजाही और वहां बार-बार 'क्रॉसिंग' के कारण दुर्घटना-संभावित क्षेत्र बन गया है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त स्थान पर कितनी सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं और ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है जिनमें लोगों की मृत्यु हुई हैं अथवा वे घायल हुए हैं;

(ग) क्या स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और जन प्रतिनिधियों ने नगला सेधू क्षेत्र में 'अंडरपास/ग्रेड सेपरेटर' के निर्माण के लिए सरकार/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से कोई मांग की है या प्रस्ताव भेजा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार यातायात सुरक्षा में सुधार लाने, ग्रामीण परिवहन को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से नगला सेधू में एक अंडरपास के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड़) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"एनएच-530बी पर अंडरपास" के संबंध **में श्री देवेश शाक्य** द्वारा पूछे गए दिनांक 29.01.2026 के लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *11 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) कासगंज जिले का नगला सेधु क्षेत्र, सरोन की ओर जो निर्माणाधीन बाईपास से सटा है, पर यातायात शुरू किया जाना है। तदनुसार, एनएच-530बी पर नगला सेधू क्षेत्र में दुर्घटना का कोई मामला नहीं है। तथापि, मौजूदा एनएच-530बी पर सरोन क्षेत्र से गुजरते हुए लगभग 16 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं।

(ग) से (ङ) सुरक्षित क्रॉसिंग के लिए नगला सेधू क्षेत्र में अंडरपास/क्रॉसिंग सुविधा के प्रावधान के लिए स्थानीय जनता और जिला प्रशासन से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। तदनुसार, चैनेज 132+755 पर लिंक रोड से यातायात आवाजाही की व्यवस्था के लिए सर्विस रोड के साथ चैनेज 132+549 पर एक अंडरपास सुविधा को निर्मित करने का निर्णय लिया गया है।

*****